हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 13 अप्रैल 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

3 दलधोवा घाटी में 50 फीट गहरी खाई में गिरा ट्रक








## खबर संक्षेप

### होमगार्ड विभाग में नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को

**अंबिकापुर।** होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य के चार जिलों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में संपादित होगी। होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा चार संभागीय केंद्रों में रायपुर बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र 20,137 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम वेबसाइट लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आवंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं किया जाएगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे।

### जहर खाकर महिला ने की आत्महत्या, मर्ग कायम

**लखनपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम लोसगा निवासी 28 वर्षीया ममता भुईया पति दुर्गा प्रसाद भुईया 11 अप्रैल की दोपहर 2 बजे चेन्नई नदी में नहाने जा रही थी। महिला के साथ उसका पति दुर्गा प्रसाद भी नहाने चला गया था। नदी में पहुंचने के बाद महिला किनारे पर बैठकर नदी के पानी से कुल्ला करने लगी,इसके साथ ही महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। जब दुर्गा प्रसाद को संदेह हुआ तो उसने महिला से पूछताछ की लेकिन पत्नी ने उसे कोई जानकारी नहीं दी। जब महिला उठने लगी तो उसका पैर लड़खड़ा रहा था। ऐसे में दुर्गा प्रसाद उसे उठाकर घर ले आया और खाना खाने को बोला लेकिन महिला ने खाना खाने से मना कर दिया। पति ने जबरजस्ती पत्नी को खाना खिलाया लेकिन इसके बाद भी महिला लड़खड़ा रही थी। संदेह के आधार पर पति ने महिला को उपचार के लिए सीएचसी लखनपुर में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत जहर खाने से हुई है लेकिन आत्म हत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## जिला प्रशासन व खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारियों ने की कार्रवाई

# स्किम्ड मिल्क, एसिडिक एसिड के साथ ही शिया बटर का उपयोग कर बना रहे पनीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शादी पार्टियों में मिलने वाले पनीर को अगर आप भी बड़े चाव से खाते है तो एक बार इस बात का ध्यान रख लें कि कहीं ये पनीर मिलावटी या नकली तो नहीं है। ऐसा इस लिए क्यों की शहर में बड़े पैमाने पर नकली पनीर बनाने का कारोबार चल रहा है। स्कीम मिल्क, एसिडिक एसिड के साथ ही सिया बटर का उपयोग कर पनीर बनाया जा रहा है। बीती रात जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा की गई कार्रवाई में इस बात का खुलासा हुआ है। टीम ने इस फर्म को सील कर दिया है लेकिन बड़ी बात यह है कि इसी तरह के कई अन्य फर्म भी है को दूध पावडर से पनीर बनाने का काम कर रहे है और इसमें केमिकल मिलाया जा रहा है।

**खास बात**

- नकली पनीर कारोबार के मामले में कार्रवाई, 150 किलो पनीर जब्त, फैक्ट्री को किया गया सील

बता दें कि शुक्रवार की देर रात शहर के बिशुनपुर खुर्द में छापेमार कार्रवाई की गई। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और पुलिस की टीम ने जब बिशुनपुरखुर्द पंचायत भवन के समीप संचालित डेयरी फर्म में छापा मारा तो उनके होश उड़ गए। सागर डेयरी फर्म में बड़े पैमाने पर पनीर का निर्माण किया जा रहा था और इस पनीर को बनाने के लिए केमिकल का उपयोग भी किया जा रहा था। जांच के दौरान डेयरी फर्म में भारी गंदगी देखने को मिली इसके साथ ही डेयरी फर्म का लाइसेंस भी कालातीत हो चुका था। संस्थान का लाइसेंस एक साल पहले ही निरस्त हो गया था लेकिन इसके बाद भी फर्म का संचालन किया जा रहा था। संस्थान में फ्रेश मलाई पनीर के नाम से पनीर का उत्पादन करने के बाद उसकी पैकेजिंग की जा रही थी। मौके पर टीम ने 150 किलोग्राम पनीर जब्त किया है। इसके साथ ही संस्थान को सील कर दिया गया है। अधिकारियों द्वारा पनीर का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच के दौरान मौके पर मोहित कुमार नाम का व्यक्ति मिला जबकि का संचालन शाहिद नामक व्यक्ति द्वारा किया जाता है। टीम द्वारा मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में तहसीलदार खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रशांत कुमार, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।



कार्रवाई करते अधिकारी।

### इन सामग्रियों का उपयोग

जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि पनीर बनाने के लिए स्कीम मिल्क, एसिडिक एसिड के साथ ही शिया बटर का उपयोग किया जा रहा था। अधिकारियों का कहना है कि स्कीम मिल्क यानी कि दूध पाउडर और दूध को फाड़ने के लिए एसिडिक एसिड मिलाने की अनुमति तो होती है लेकिन इसमें शिया बटर भी मिला गया था। शिया बटर का उपयोग चॉकलेट में करने की अनुमति तो है लेकिन पनीर बनाने में इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही फर्म में सफाई का पूर्ण रूप से ध्यान रखना जरुरी है लेकिन संस्थान में शिया बटर का उपयोग तो किया ही जा रहा था इसके साथ ही मौके पर भारी गंदगी थी। अधिकारियों का कहना है कि पनीर में अन्य कोई केमिकल मिलाया गया है या नहीं यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

### शहर में जगह जगह बन रहे पनीर

बीती रात संयुक्त टीम ने एक मिलावटी और नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश तो कर दिया लेकिन बताया जा रहा है कि शहर में ऐसे अनेकों फैक्ट्रियां है जहां मिलावटी और नकली पनीर बनाने का काम किया जा रहा है। दूध के स्थान पर स्कीम मिल्क ( दूध पाउडर) से पनीर बनाने का उपयोग किया जा रहा है और इसमें केमिकल भी मिलाए जा रहे है। इन पनीर को होटल, डेयरी दुकानों में सप्लाई किया जा रहा है और लोग शुद्ध पनीर के नाम पर नकली और केमिकल युक्त पनीर खा रहे है। ऐसे में इसका शरीर पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान में भी शादी विवाह का सीजन शुरू हो रहा है और यही वजह है कि बड़े पैमाने पर पनीर बनाया जा रहा है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

क्षेत्र के लोगों की शिकायत के बाद संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। संचालक के द्वारा एसिडिक एसिड, स्कीम मिल्क के साथ ही शिया बटर का उपयोग कर पनीर बनाया जा रहा था। इसके साथ ही फैक्ट्री में भारी गंदगी थी। फर्म को सील किया गया है इसके साथ ही पनीर का सैम्पल जांच के लिए लैब भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-आर आर देवांगन
वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# 144 हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर नहीं किया गया चावल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

हितग्राहियों को प्रदान किए जाने वाले चावल पर जनप्रतिनिधियों ने ही डाका डाल दिया। समूह संचालन करने वाले लोगों ने 144 हितग्राहियों से ई पोश मशीन में अंगूठा लगवा लिया लेकिन उन्हें चावल का वितरण नहीं किया गया। सभी ने मिलकर 44 क्विंटल चावल की हेराफेरी कर ली। मामले की शिकायत हुई जो इस अनियमितता का खुलासा हुआ। शिकायत की जांच के बाद खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर रघुनाथनगर पुलिस ने जनपद उपाध्यक्ष की पत्नी, पूर्व सरपंच, पूर्व सरपंच पति समेत पांच लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा अब मामले की जांच के बाद दोषियों के गिरफ्तारी की जाएगी।

- जांच में खुलासा, जनपद उपाध्यक्ष की पत्नी समेत पांच के खिलाफ अपराध दर्ज

बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम बेबदी के ग्रामीणों विनोद कुमार, फुलकुंवर पण्डो, धर्मेन्द्र, शिताराम, हरिनारायण सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि शासकीय उचित मूल्य दुकान बेबदी के संचालक द्वारा उन्हें मार्च महीने में ई-पोश मशीन में अंगूठा लगवा लिया गया लेकिन उन्हें चावल का वितरण नहीं किया गया। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए थे। एसडीएम के निर्देश पर खाद्य निरीक्षक निखिलेश टेम्भुरने द्वारा की गई जांच में जो बात सामने आई है वो हैरान करने वाली है। उचित मूल्य दुकान में हितग्राहियों को दिए जाने वाले राशन में लम्बे समय से गडबडी की जा रही थी शासन को लाखों का नुकसान पहुंचाया जा रहा था। शासकीय उचित मूल्य दुकान के सहायक विक्रेता संतोष कुमार आ. जवाहर ने स्वीकार किया कि वह विगत तीन वर्षों से सहायक विक्रेता के पद पर कार्य आकर रहा है और मार्च 2025 में उसने 144 हितग्राहियों का ई-पोश मशीन से अंगूठा लगवाने के बाद भी चावल का वितरण नहीं किया गया इसके साथ ही वह विगत तीन वर्षों से अब तक 22 क्विंटल चावल दुकान में चावल तौलाई करने वाले कन्हैया लाल को प्रदान किया है। बेबदी के पूर्व सरपंच पति जीतलाल आ. बेसाहू ने भी स्वीकार किया कि सहायक विक्रेता संतोष कुमार द्वारा मार्च 2025 के लगभग 144 हितग्राहियों को ई-पोश मशीन में अंगुठा लगाकर खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है। कन्हैया लाल आ. जोखन ने भी स्वीकार किया कि ⏭ शेष पेज 4 पर

### चल रही है जांच

ग्राम बेबदी के ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि ई-पोश मशीन से मार्च 2025 में अंगूठा लगवाने के बाद चावल का वितरण नहीं किया गया। इस मामले की एसडीएम ने कराई। जांच में पुष्टि हुई है कि 44 क्विंटल चावल का वितरण हितग्राहियों को नहीं हुआ। खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर इस मामले में दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया और जांच चल रही है।

-**राम अवतार**, एसडीओपी

### 44 क्विंटल चावल का गबन

जांच के दौरान अधिकारीयों ने उचित मुख्य दुकान के स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, ई-पोश मशीन के ऑनलाइन रिकार्ड और छग सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लिमिटेड के डीओ एवं टीसी की जांच की गई। जांच में यह बात सामने आई कि शाउमू दुकान बेबदी में मार्च माह में 79.70 क्विं. चावल, 1.77 क्विं. शक्कर, 9.16 क्विं. चना एवं 4.14 क्विं. नमक प्रदान किया गया। इसमें से दुकान विक्रेता द्वारा 229 हितग्राहियों का खाद्यान्न 76.95 क्विं. चावल, 4.56 क्विं. नमक एवं 2.29 शक्कर का वितरण किया गया लेकिन 144 हितग्राहियों का अंगूठा लगवाने के बाद भी 44 क्विंटल चावल का वितरण नहीं किया गया। उक्त चावल की कीमत 1 लाख 76 हजार है है। जांच में पुष्ट हुआ कि सचिव श्रीमती सीमा जायसवाल, पूर्व सरपंच श्रीमती जागमति, सहायक विक्रेता संतोष कुमार, पूर्व सरपंच के पति जीतलाल एवं तौलक कन्हैया लाल द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरती गई है जिसके लिये पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 316 (5), 318(4) 61(2) एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 7 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। बड़ी बात यह है कि जिन आरोपियों पर चावल गबन का आरोप लगा है उनमें वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष पवन जायसवाल की पत्नी सचिव सीमा जायसवाल का नाम भी शामिल है।

**आवश्यकता है**

जिला सूरजपुर के अंतर्गत छत्तीसगढ़ एग्रो इक्विपमेंट के अंतर्गत निम्न पद

1: फील्ड कोडिनेटर 2 पद 12000/- +टी ए/ योग्यता: स्नातक कंप्यूटर अंग्रेजी माध्यम को वरीयता

2: फील्ड वर्कर 6 पद / 10000/- + टीए, योग्यता 10 वीं मूल प्रमाण पत्र के साथ तत्काल संपर्क करें मेन रोड विश्रामपुर जिला सूरजपुर।

9424254134
9644554134

# सवा 2 लाख के नशीला इंजेक्शन गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 210 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन, 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 2 लाख 24 हजार रूपए का सामान बरामद किया है।

- घुटरापारा नहर के समीप पकड़ा गया आरोपी

एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि 11 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि घुटरापारा नहर मोड़ के पास विक्रम गढ़वाल नामक व्यक्ति नशीला इंजेक्शन और गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घुटरापारा नहर मेड़ रोड के पास घेराबंदी आकर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान खैरबार पुराना पंचायत भवन रोड निवासी 40 वर्षीय विकम गढ़वाल आ. रूपसाय गढ़वाल के रूप में की गई। आरोपी के पास रखे सफेद झोले की तलाशी लेने अपर उसमें से कुल 210 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन और 700 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जब्त इंजेक्शन की ⏭ शेष पेज 4 पर

### कार में बैठकर नशीला इंजेक्शन बेच रही थी महिला, पुलिस ने पकड़ा



दरिमा पुलिस ने नशीला इंजेक्शन बिक्री करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को पकड़ा है। महिला आरोपी कार में बैठकर नशीला इंजेक्शन की बिक्री कर रही थी। पुलिस ने आरोपी महिला के पास से 2 लाख 28 हजार रूपए का इंजेक्शन बरामद किया गया है। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया की 12 अप्रैल को दरिमा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरती सोनी नामक महिला अल्टो के टेन कार से अवैध रूप से नशीला इंजेक्शन की बिक्री कर रही है। सूचना के बाद ग्राम ससकालो में पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही महिला ग्राम ससकलो खैरबार निवासी 35 वर्षीया आरती सोनी पति मनोज सोनी को हिरासत में लेकर उसके वाहन की तलाशी ली तो महिला के कार क्रमांक सीजी 15 ईसी 4978 की तलाशी ली तो डिक्की में रखे झोले में 239 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। महिला ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल करते हुए नशीला इंजेक्शन को आस पास के नशेड़ियों को बिक्री करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने महिला के पास से 2 लाख 28 हजार रूपए का नशीला इंजेक्शन और 6 लाख रूपए कार को जब्त किया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, उनि प्रेम सागर खुटिया, अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, सुधीर सिंह, नारायण चौधरी, महिला आरक्षक सुनिति राजवाड़े, आरक्षक अनुज जायसवाल, अशोक यादव, मनीष सिंह, रंजीत गुप्ता, जगेश्वर बघेल, जितेंद्र लकड़ा सक्रिय रहे।

# पत्नी ने पति का प्लास्टिक से मुंह बंद कर दुप्पटा से घोंटा गला, उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बकना कला में उस समय हड़कंप मच गया जब युवक को घर में संदिग्ध हालत में शव मिला। इधर प्रत्यक्षदर्शी मृतक के बेटी के अनुसार उसकी हत्या कोई और नहीं बल्कि उसकी पत्नी ने की है। नशे की गोली खिलाने के बाद पत्नी ने पहले पति के हाथ पैर बांधे फिर प्लास्टिक से मुंह नाक बंद करने और अपने दुप्पटा से गला घोट मौत के घाट उतार दिया। इधर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ करने में जूट गई है। पुलिस के अनुसार इस मामले में विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है।

- पुलिस ने आरोपी पत्नी को किया गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस



घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में मृतक।

जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बकना कला निवासी मो. उम्मत आ. बदरूद्दीन (32 वर्ष) बीती रात अपने घर में सो रहा था। आज सुबह युवक अपने बिस्तर में मृत हालत में पड़ा हुआ था। घटना की सूचना तत्काल लुंड्रा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच हत्या करने की आशंका पर पत्नी मेहरून निसा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। इधर मृतक की पुत्री ने लोगो को बताई की उसके पिता की हत्या कोई और नहीं बल्कि उसकी मां ने की है। सो रहे पिता के हाथ पैर बांधने के बाद प्लास्टिक से मुंह बंद करने के बाद दुप्पटा से गला दबा दिया। इधर गांव वालों का कहना है कि पूर्व में आरोपी महिला पति को छोड़ कर जा चुकी थी। पति ने किसी तरह उसे वापस लेकर ⏭ शेष पेज 4 पर




12-Full page-2- Rag to bilaspur_Layout 1 4/12/2025 9:03 PM Page 1



Bajpai Buildcon

# A Luxurious Lifestyle... with the Essence of Royalty

You just can't miss the glorious opportunity to own a home at Near Uslapur Railway Station, Bilaspur

RSPL

A project by : Bajpai Buildcon india (P) Ltd./ Rituraj Steel (P) Ltd.

Bajpai's

# RSR APARTMENT

**48 AFFORDABLE 2BHK FLATS** Alka Avenue : Uslapur, Bilaspur



स्व. रविशंकर रिछारिया
की स्मृति में निर्मित

भव्य शुभारंभ

श्रीमती स्वदेश रिछारिया
के कर कमलों से
14 अप्रैल 2025, शाम 7 बजे
आप सभी सादर आमंत्रित है


- अलका एवेन्यू में घर वो भी 25 लाख से कम में
- अफोर्डेबल हाउसिंग 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी*
- शहर की सबसे शांत और ग्रीन कॉलोनी
- उसलापुर स्टेशन के एकदम पास
- 3000 से ज्यादा संतुष्ट कस्टमर

अल्का एवेन्यू में प्लॉट उपलब्ध 1600, 1760, 1815, 1980, 2520, 3150 Sqft.



READY FOR POSSESSION

## Our Completed Projects



**Hotel East Park**
Agresan Chowk, Bilaspur



**Chandra Park**
Near Brahaspati Bazar




**Siddhivinayaka Heights**
Civil Lines



**Bajpai Chambers**
Rajendra Nagar Chowk



**H.N. Bajpai Tower**
Madhyanagari Chowk



**Parijat Heights**
Parijat Extension, Nehru Nagar




**Parijat Extension**
Nehru Nagar



**Parijat Castle**
- Ring Road, No. 2



**Jagnnathpuram**
Rajkishore Nagar



**Rohni Vihar**
Behind Green Park Colony



**Bajpai Castle**
Minocha Colony

## OUR PARTNERS IN THE PROJECT

Architect : Ar. Shyam Shukla | PROJECT ENGINEER: ASHOK TIWARI | OVERALL SUPERVISION (PMC) : M/S KING KALIS DEVELOPERS, PH - 8319071268

**MATERIAL**

| EARTH WORK | TILES | PAINT | WINDOW | DOOR | PLUMBING | CONCRETE | GRILL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MUNNA THAKUR | RUPALI TILES | BHARAT PAINT | VEE R VEE BROS. | SANKAT MOCHAN | KAPASI TRADERS | ACM READY MIX | SATYA ENGINEERING |
| **DOOR FRAMES** | **METAL** | **SAND** | **GRANITE** | **CEMENT** | **STEEL** | **BRICK** | **ELECTRICAL** |
| ANNAPURNA INDUSTRIES | SARKAR MINERALS | JAI MALI | KALYAN STONES | RADHESHYAM TRADERS & DURGA TRADERS | BALAJI STEELS &B.R. TRADERS | SIDDHI VINAYAK INDUSTRIES & RAMJI FLYASH BRICKS | KAPASI SALES |

**CONTRACTORS**

| CIVIL | PAINTING | TILES | PLUMBER | ELECTRICIAN | MAIN LINE | CORE CUTTING | LAND SCAPE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ROHIT RAJPUT | RAMAKANT | RAHUL DARJI | GOPI SURYAWANSHI | RAJU JAISWAL | M/S SANJAY AGRAWAL | SANJU MAHENDRA | JANTA NURSERY |
| KARAN SINGH | ASHWANI | M/S RISHABH SINGH | | ISHWAR SAHU | | RAM KUMAR | NOOR AHAMAD |
| RAJU BRINDA | | | | | | | |

RSPL

# BAJPAI BUILDCON INDIA (P) LTD.

Alka Avenue, Near Uslapur Rly. Station, Bilaspur (C.G.)

Mob.: 9039144615, 7024761441

SCAN FOR LOCATION

## खबर संक्षेप

### मवेशी तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** मवेशी तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बर 2024 को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने जमड़ी मुख्य मार्ग के पास एक पिकअप वाहन को रोने का प्रयास किया लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने जब पिकअप वाहन का पीछा किया तो चालक वाहन को जंगल किनारे खड़ा कर भाग निकला। इस दौरान पुलिस ने पिकअप क्रमांक जेएच 19 ई 5737 से चार रास बैल, तीन रास गाय, तीन रास बछिया समेत कुल दस मवेशियों को बरामद किय था। मवेशियों को प्लास्टिक रस्सी से बांधकर बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। पुलिस ने पिकअप नम्बर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर झारखंड के महुआडांड निवासी 31 वर्षीय जाहिद अली आ. जहर अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को छ.ग. कृषक पशु परि.अधि. 2004 की धारा 4,6,10 एवं पशु क्रूरता निवा. अधि. 1960 की धारा 11 (1) घ के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### भाजपा कार्यालय में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** 11 अप्रैल को भाजपा कार्यालय में घुसकर चोरों ने लोहे का छड, एंगल की चोरी कर ली थी। इस मामले की शिकायत गौतम सिंह आ. जगदीश सिंह ने पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गणेशमोड़ चौकी अंतर्गत सागरपुर निवासी 28 वर्षीय मुकेश खलखो उर्फ धुक्का आ. आशा दान खलखो, बलरामपुर वार्ड क्रमांक 3 निवासी 36 वर्षीय आनंद कुमार यादव आ. स्व. विजय नाथ यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया गया लोहे का रॉड बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत कार्रवाई की है।



## निधन

### धनमत देवी



**सीतापुर।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 निवासी धनमत देवी का 96 साल की उम्र में निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक केदारनाथ गुप्ता की माता थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। इनका अंतिम संस्कार केशला मांड नदी के तट पर किया गया।

## हत्या के आरोपी को झारखंड से किया गिरफ्तार

# पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- दुकान संचालक भाई के विश्वास पात्र होने पर उतारा मौत के घाट

कोतवाली पुलिस ने शहर के झंझट पारा में युवक की हत्या करने तथा शव को नाला में फेंक देने के मामले में घटना के 24 घंटे के भीतर ही मुख्य आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया। हत्या का आरोपी कोई और नहीं बल्कि फूल दुकान संचालक का छोटा भाई संजू यादव ही निकला जो भाई के ज्यादा करीबी और विश्वासपात्र होने पर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। साथ ही अब भी पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच करने में जुटी हुई है।

पुलिस के मुताबिक दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी निवासी मनोहर यादव ने कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई जुगनू ऊर्फ मनबोध यादव (22 वर्ष) जो करीब 6-7 साल से झंझटपारा निवासी बिरबल यादव के पास रहकर सरस्वती शिशु मंदिर के समीप कलकता फ्लावर दुकान में काम करता था और रात को बीरबल यादव के फुल गोदाम में सोता था। गत दिन सुबह करीब 6 बजे करीब चचेरा भाई गिरिजा प्रसाद को गांव के लोग बताया कि जुगनू कही गायब हो गया हैं। जिस पर चचेरा भाई गिरजा प्रसाद एवं अन्य के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर नमनाकला झंझटपारा बीरबल यादव के घर जाकर देखे तो बीरबल घर में था, लेकिन कुछ भी बात नहीं किया तब बीरबल के फुल गोदाम में जाकर देखा तो जुगनू नहीं था। कमरे लगे बिस्तर में खून से सना था। बिस्तर पर दो छोटा हडडी व तीन दांत का टुकडा पड़ा हुआ था। साथ ही कमरे मे ही खून से सना हुआ ईट पडा हुआ था और घर के दरवाजे सहित दरवाजे के बाहर रास्ते मे भी जगह जगह खून गिरा हुआ था। दरवाजे के करीब 7-8 मीटर दुरी पर एक बडा से नाली मे जुगनू का शव औंधे मुंह पड़ा हुआ था। आशंका व्यक्त किया गया है कि संजू यादव जुगनू के चेहरे में ईट से मारकर हत्या कारित कर दिया हैं। घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने संदेही संजू यादव का पता तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस टीम की सक्रियता से मामले के संदेही संजू यादव कों झारखण्ड से पकड़कर हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम संजु उर्फ़ नंदकुमार यादव आ. राम प्रसाद यादव (43 वर्ष) झंझटपारा नमनाकला का होना बताया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या करने की बात कबूल की। साथ ही बताया कि जुगनू उसे बड़ा भाई बिरबल का विश्वास पात्र था। पैसा रूपया का हिसाब किताब और दुकान का हिसाब किताब भी वही देखता था। जिससे नाराज होकर उसे जुगनू को कई बार भगाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं भागा। जिस पर उसे सोने के बाद ईट से चेहरे पर वार कर हत्या कर दिया और शव को घसीटते हुए रूम से बाहर निकालकर पास के बडा नाली में फेंक दिया। इसके अलावा जुगनू का मोबाइल पर्स को सिरहाना से निकालकर नाली के पास ले जाकर मोबाइल को कूचकर और पर्स तथा पर्स में रखा कागज आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्रायवरी लाइसेंस को तोडकर अंधेरा में झाडी व नाली के बीच फेक दिया। पर्स में रखा 4500 रूपया को निकालकर अपने पास रख लिया था। पकड़ने के डर से गांधी चौक दुर्गा मंदिर के पास गया वहां से डालटनगंज जाने वाली बस में बैठकर डाल्टनगंज गया और वहां से ऑटो पकडकर चैनपुर अपने रिश्तेदार के घर गया। पुलिस ने आरोपी के पास से कपड़ा सहित अन्य सामान बरामद किया। साथ ही उसे के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस इसके अलावा अन्य पहलुओं से भी जांच में जुटी हुई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक छात्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, आरक्षक विवेक राय, नितिन सिन्हा, मंटूलाल गुप्ता, शिव राजवाड़े, सचिन्द्र सिन्हा, दीपक दास, लाल बाबू सिंह सक्रिय रहे।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।


# पीजी कॉलेज के वाटर कूलर में मरी छिपकली, पानी पीकर बच्चे बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मतली और मुंह में लार आने की शिकायत, सूचना के बाद भी नहीं कराई गई थी सफाई

संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय पीजी कॉलेज के वाटर फिल्टर में मरी हुई छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। वाटर कूलर में मरी हुई छिपकली के कारण दूषित पानी पीकर कई छात्र छात्राओं की तबीयत खराब हो गई और उनके मुंह में लार के साथ ही मतली आने लगी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद छात्र नेताओं ने मौके पर पहुंचकर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। हैरानी की बात तो यह है कि छिपकली मरने की जानकारी एक दिन पूर्व ही कॉलेज की प्राचार्य को दी गई थी लेकिन इसके बाद ही वाटर कूलर की सफाई नहीं कराई गई।

बताया जा रहा है कि शनिवार को शासकीय पीजी कॉलेज में कुछ छात्र छात्राओं ने कॉलेज परिसर में लगे वाटर कूलर का पानी पिया था। पानी से तेज दुर्गन्ध आने लगी तो छात्र छात्राओं ने पानी को फेंक दिया और इसकी जानकारी कॉलेज की प्राचार्य व प्राध्यापकों को दी। इसके साथ ही मामले की जानकारी मिलने के बाद छात्र नेता रचित मिश्रा भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान जो जानकारी सामने आई है उसे कॉलेज प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है। छात्र छात्राओं का कहना है कि वाटर फिल्टर में छिपकली मरा होने की जानकारी 11 अप्रैल को ही प्राचार्य को दी गई थी लेकिन इसके बाद भी उन्होंने फिल्टर की सफाई नहीं कराई। पानी में मरी हुई छिपकली होने की जानकारी से अनजान दूसरे छात्र छात्राओं ने शनिवार को फिर से पानी पी लिया। पानी पीने के बाद उन्हें मतली लगने लगी और मुंह से लार निकलने लगा। वहीं छात्र छात्राओं का कहना है कि कॉलेज में कुल 6 वाटर फिल्टर लगे हुए है और हैरानी की बात तो यह है कि इनमें से 5 वाटर फिल्टर खराब है। कुछ फिल्टर पूर्ण रूप से बंद है तो कुछ में गंदा और पानी आता है। इसके साथ ही कुछ वाटर फिल्टर को शौचालय के समीप लगा दिया गया है जहां से हर समय बदबू आती रहती है। इस संबंध ने छात्र नेता रचित मिश्रा ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी वाटर फिल्टर की सफाई नहीं कराई गई जबकि शेष वाटर फिल्टर भी खराब पड़े हुए है। दूषित पानी पीकर छात्र छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। कॉलेज प्रबंधन द्वारा जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है और इस मामले की शिकायत उच्च स्तर पर की जाएगी।



वाटर फिल्टर में छिपकली।

### कराई जाएगी सफाई

वाटर कूलर में छिपकली निकलने की शिकायत मिलने के बाद उसकी सफाई कराने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जांच कर लापरवाही बरतने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. स्नेहलता श्रीवास्तव, प्राचार्य

# दलधोवा घाटी में 50 फीट गहरी खाई में गिरा ट्रक

**बलरामपुर।** एनएच 343 पर दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात पुनः क्लिंकर लोड ट्रक दलधोवा घाटी में 50 फीट नीचे खाई में गिर गया। गनीमत रही कि दुर्घटना में चालक की जान बाल बाल बच गई। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर की तरफ से क्लिंकर लोड ट्रक क्रमांक सीजी 04 एन टी 8747 रामानुजगंज होते हुए औरंगाबाद की ओर जा रहा था। इस दौरान दलधोवा घाटी पर शिव मंदिर के समीप ट्रक से साइड लेने के चक्कर ने तेज रफ्तार ट्रक ने अपना नियंत्रण खो दया और ट्रक 50 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग और यातायात की टीम द्वारा चालक झारखंड के छतरपुर निवासी 30 वर्षीय नागेंद्र यादव व परिचालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### परीक्षा को पर्व बनाने किया गया प्रेरित

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा परीक्षा पर्व 7.0 का आयोजन लखनपुर के पीएम श्री सेजस में किया गया। इस दौरान प्राचार्य ऋषि पाण्डेय ने पीएमओ कार्यालय द्वारा तैयार पीपीटी का प्रस्तुतिकरण 200 शिक्षकों एवं अभिभावकों के मध्य किया। प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि परीक्षा को पर्व के रूप में आयोजित कराने, बच्चों में खुद की प्रतिस्पर्धा हो न कि सामाजिक दबाव की प्रतिस्पर्धा ताकि बच्चों में अवसाद उत्पन्न न हो। अभिभावकों और शिक्षकों से इस विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल, रवि अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ वेदप्रकाश पाण्डेय, रविशंकर पाण्डेय, मनोज तिवारी, दीपेश पाण्डेय, एबीपी फेलो सुभिता शुक्ला उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर पाण्डेय ने किया।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202502020700078**
विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2024-2025
फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-पुष्पा अग्रवाल, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

आवेदिका पुष्पा अग्रवाल आ. पुरुषोत्तम अग्रवाल पत्नी अनिल कुमार अग्रवाल, निवासी मारूती लाइफ स्टायल कोटा रोड, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 334/1 रकबा 6.773 हे. भूमि का नक्शा सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 9/5/25 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/02/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील अम्बिकापुर

















































## खबर संक्षेप

### अच्छी सी लड़की देखकर शादी करवा दीजिए सुशासन तिहार में आया आवेदन



**अंबिकापुर।** प्रदेश में चलाए जा रहे सुशासन तिहार में एक से एक अनोखे आवेदन आ रहे है। हाल ही में मैनपाट के युवक द्वारा ससुराल और बाजार जाने के लिए बाइक मांगने का मामला सामने आया था और अब एक ग्रामीण ने अपनी शादी कराने का आवेदन सुशासन तिहार में किया है। शहर से लगे भाफौली निवासी 46 वर्षीय मनोज टोप्पो ने सुशासन तिहार में आवेदन दिया है की उसकी शादी अ तक नहीं हुई है और उसके घर वाले भी उसकी शादी नहीं करवा रहे है। इस लिए उसने शासन से मांग की है कि अच्छी सी लड़की देखकर उसकी शादी करा दी जाए। इस मामले में मनोज टोप्पो का कहना है कि वह अपनी मां के साथ रहता है जबकि उसके भाइयों की शादी हो चुकी है और सभी अलग रहते है। मनोज की शादी को लेकर परिवार के लोग ध्यान नहीं दे रहे है और जब वो कहीं लड़की देखने जाता है तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है इस लिए उसकी अंतिम उम्मीद शासन से है। मनोज का कहना है कि अब शासन के ऊपर है वो उसकी शादी कराते है या नहीं कराते है।

### साधुराम विद्या मंदिर में किया गया स्केटिंग का प्रदर्शन



**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर में आज एक विशेष स्केटिंग प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर के स्केटिंग खिलाड़ी जगजीत सिंह भट्ट ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्केटिंग की विभिन्न शैलियों को प्रस्तुत किया। उनके रोमांचक कौशल और अनोखे अंदाज ने सभी विद्यार्थियों और उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगजीत सिंह भट्ट ने छात्रों को स्केटिंग के विविध तकनीकी पहलुओं और संतुलन बनाए रखने के तरीकों से अवगत कराया। उनके शानदार प्रदर्शन से प्रेरित होकर विद्यालय ने निर्णय लिया है कि छात्रों के लिए स्केटिंग कक्षाएं आयोजित की जाएगी, जो आगामी 15 अप्रैल से प्रारंभ होंगी। इन कक्षाओं में इच्छुक विद्यार्थी स्केटिंग के गुर सीख सकेंगे और अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। इस दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, दिन दयाल तिवारी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## पेज 1 के शेष...

### 144 हितग्राहियों से अंगूठा...

उसके द्वारा उचित मूल्य दुकान में चावल तौलाई का काम किया जाता है और उसके एवज में उसे प्रति माह 50 किलो ग्राम चावल मेहनताना के रूप में दिया जाता है और अब तक उसने 22 क्विंटल चावल लिया है। इतना ही पूर्व सरपंच के पति जीतलाल ने यह भी स्वीकार किया कि उसके द्वारा समय समय पर गांव में सामाजिक कार्यक्रमों के नाम पर बिना राशन कार्ड के चावल का वितरण किया गया। जांच के दौरान पूर्व सरपंच श्रीमती जाग्मती और सचिव सीमा जायसवाल बयान के लिए उपस्थित नहीं हुई।

### सवा 2 लाख के नशीला इंजेक्शन...

कीमत 2 लाख 10 हजार रूपए जबकि गांजा की कीमती लगभग 14 हजार आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी से 2 लाख 24 हजार रूपए का गांजा और नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। आरोपी ने नशीला और अवैध मादक पदार्थ स्थानीय स्तर पर खपाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को धारा 20, 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, साइबर सेल प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, उनि सम्पत पोटाई, सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, भोजराज पासवान, छत्रपाल सिंह, सुधीर सिंह, आरक्षक शिव राजवाड़े, विवेक राय, नितिन सिन्हा, सचिन्द्र सिन्हा, दीपक दास, मंटू गुप्ता, लाल बाबू सिंह, अनुज जायसवाल, मनीष सिंह, अशोक यादव सक्रिय रहे।

### पत्नी ने पति का प्लास्टिक से...

आया लेकिन पत्नी अक्सर मोबाइल से किसी दूसरे से बात करने में व्यस्त रहती थी। जिससे दोनों के बीच अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होता था। बहरहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। साथ ही युवक की मौत पत्नी द्वारा किए जाने से इनकार किया है और युवक के जहर खाने की बात सामने आ रही है। युवक की हत्या हुई है या जहर खाने से हुई है यह तो पीएम रिपोर्ट आने व पुलिस के जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

## मंदिरों में पूरे दिन चलते रहे धार्मिक अनुष्ठान, हुआ विशाल भंडारा

# श्रद्धाभाव से मनाया गया पवनपुत्र का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर सहित पूरे जिलेभर में पवन पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए। विघ्न-बाधाओं की शांति के लिए मंदिरों में अखण्ड रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ, अखण्ड राम नाम संकीर्तन एवं हवन पूजन किया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सभी हनुमान मंदिरों में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

**खास बात**
- जन्मोत्सव पर किया गया हनुमान प्रतिमा का सिंदुर से श्रृंगार

शनिवार को सभी हनुमत मंदिरों में पवन पुत्र का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। भगवान राम के प्रति हनुमान जी के अनुराग से प्रेरित होकर अधिकांश मंदिरों में शुक्रवार को प्रारंभ अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहुति की गई। शहर के स्कूल रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह पवनपुत्र की आरती एवं विशेष पूजन किया गया। पूजन उपरांत ध्वज स्थापित किया गया। इस अवसर पर हनुमान प्रतिमा एवं मंदिर परिसर की विशेष सजावट की गई थी। शहर के स्कूल रोड, डीसी रोड, कलेक्टोरेट परिसर, दत्ता कॉलोनी, गांधी नगर हनुमान मंदिर में पूरे दिन पूजा-अर्चना व भंडारा चलता रहा। शनिवार के दिन हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु अपने जीवन की विघ्न बाधाओं से राहत के लिए हनुमान चालीसा के पाठ सहित अन्य अनुष्ठान करते रहे। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में अखण्ड भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारा सुबह 7.30 बजे से मध्यरात्रि तक चला। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शहर के अन्य हनुमान मंदिरों में भी पूरे दिन रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन-कीर्तन चलता रहा


डीसी रोड हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

### लमगांव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

हनुमान जन्मोत्सव पर लमगांव स्थित स्वयं प्रकट हनुमान मंदिर में पूजा करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु सुबह 5 बजे से ही मंदिर में पहुंचने लगे। जन्मोत्सव पर मंदिर की भव्य साज-सज्जा करने के साथ ही अखण्ड रामायण पाठ के उपरांत हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हनुमान प्रतिमा का सिंदुर से श्रृंगार किया। श्रृंगार एवं पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहा। जन्मोत्सव पर सरगुजा के साथ ही अन्य जिलों के श्रद्धालु भी मंदिर पहुंचे तथा पवन पुत्र की पूजा की।

#### 23 वर्षों से चल रहा अखण्ड रामायण पाठ

स्वयं प्रकट हनुमान मंदिर में वर्ष 2002 में अखण्ड रामायण पाठ प्रारम्भ किया गया था। मंदिर में तब से अब तक निरंतर रामायण का अखण्ड पाठ किया। जा रहा है। रामायण पाठ के प्रति क्षेत्रवासियों व मंदिर समिति के सदस्यों का उत्साह अनुकरणीय है। रामायण पाठ बाधित न हो इसलिए क्षेत्रवासी 24 घंटे मुस्तैद रहते हैं जिम्मेदारी पूर्वक दिन-रात रामायण के पाठ में झूमते रहते हैं।

### भक्तिभाव से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास के ग्रामीण इलाके में आज शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर जगह जगह विविध अनुष्ठान किए गए। पूरे दिन भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया गया। गौरतलब है कि नगर के संकटमोचन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे से सहस्त्रार्चन पूजन एवं अभिषेक के अलावा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के अलावा सवामनि का भोग लगाया गया। साथ ही दोपहर 12 बजे से हवन पूजन एवं अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया गया। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से अखण्ड भण्डारा प्रारंभ किया गया। यहां पर हनुमान जन्मोत्सव पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी पहुंचकर मत्था टेक प्रदेशवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव को सफल बनाने में मुख्य पुजारी बाल कृष्ण गर्ग, भोला महाराज, यजमान सुभाष गोयल, सुशील जैन, विजय गोयल, दिनेश गोयल, मोहन गोयल, विजय गोयल, गुड्डू मिश्रा, कृष्ण कुमार गोयल बल्लू, शैलेश सिंह, सुरेश चंदेल, पूर्णवाशी, अनीता गोयल, भावना मित्तल, नेहा तायल, सोनू गोयल, पुष्प गोयल व अन्य सक्रिय रहे। इसी तरह ग्राम पार्वतीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे स्थित हनुमान मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव पर सहस्त्रार्चन के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। ग्राम करवां में स्थित दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर विधिवत पूजा अर्चना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ गायन किया गया। करवां सड़कपारा में दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजन हवन कर लड्डू का भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के सदस्यों द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर रेलवे स्टेशन प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके अलावा जयनगर थाना प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर बजरंग दल, दुर्गावाहिनी द्वारा भंडारा दिया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आज क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल निर्मित हो गया।

**बस स्टैंड में बजरंग दल ने सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित**-बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के बस स्टैंड में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के बगल में बजरंग दल एवं कथावाचक आचार्य चंद्रेश महाराज द्वारा हनुमान चालीस पाठ कर आरती की गई। आरती कर महाप्रसाद वितरण किया गया। महाप्रसाद में लस्सी, खीरा व तरबूज वितरण किया गया। साथ ही बजरंग दल द्वारा सफाई कर्मचारियों को भगवा गमछा पहानाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुजीत सिंह, विपुल सिंह, रंजीत यादव, आदित्य गिरी, आशीष ठाकुर व अन्य सक्रिय रहे।

#### हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा, हुआ संकीर्तन



**भैयाथान।** हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम बड़सरा स्थित राम मंदिर में हरिनाम संकीर्तन किया गया। जिसमें पांडवपारा से बाइक रैली में आए हनुमान भक्त शामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद बड़सरा चौक पर भाजपा कार्यकर्ता अश्वनी जायसवाल, रमेश यादव ने रैली का स्वागत कर जलपान कराया। जिसके बाद रैली टेंगनी के लिए रवाना हुई। शनिवार को पांडवपारा हनुमान मंदिर में पूजा पाठ के बाद झांकी के साथ बाइक रैली प्रारंभ हुई। बड़सरा राम मंदिर पहुंच श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ की। बड़सरा चौक से रैली को टेंगनी, पांडवपारा के लिए रवाना किया गया। रैली में नगर के लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जनपद सदस्य रंजीत मंडल, सरपंच मंगल सिंह, अजय जायसवाल, रमन जायसवाल, रामानंद यादव, बजरंग दल, संघ कार्यकर्ताओं ने भगवा ध्वज लेकर रैली का नेतृत्व किया। मार्ग में जगह-जगह फूल बरसाकर रैली का स्वागत किया गया। राम मंदिर में शनिवार सुबह 6 बजे से राम-नाम संकीर्तन प्रारंभ किया गया जो शाम 6 बजे समाप्त हुआ। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस दौरान रामलाल यादव, हरिकिशन गोस्वामी, शिव दयाल साहू, रामप्रकाश साहू, रामप्रताप साहू, मनोहर सिंह, रामनारायण यादव सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर किया गया विधि-विधान से हवन-पूजन

**रामानुजगंज।** मध्य बाजार में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव विधिवत पूजन हवन करते हुए मनाया गया। मान्यता है कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान की विधि-विधान से पूजा करने पर वे प्रसन्न होते हैं और जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इस अवसर पर पूजन हवन पश्चात मंदिर मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ तथा उपस्थित भक्तों द्वारा महाआरती करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान अजय सोनी, विकास दुबे, मनोज तिवारी, अजय गुप्ता, पुजारी धनंजय मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, एसपी निगम, अरुण केसरी, अमित गुप्ता, आशीष गुप्ता, धर्म प्रकाश केसरी सहित अन्य हनुमान भक्त उपस्थित रहे।



#### धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 11 में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार पूजा अर्चना के लिए लग गई थी। हनुमान मंडली द्वारा विविध आयोजन कराए गए। जिसमें सुंदरकांड का संपूर्ण पाठ, महाप्रसाद का वितरण कराया गया। शाम को विभिन्न हिंदू संगठनों एवं बजरंग दल द्वारा बाजे गाजे के साथ हनुमान मंदिर से जुलूस निकाला गया जो प्रमुख चौक चौराहे होकर राम मंदिर में जाकर समाप्त हुआ। गौरतलब है कि नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर जो शहर के बीचो-बीच स्थित है। वर्षों से हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। हनुमान जन्मोत्सव की भव्यता देखते बनती है। मंदिर के मुख्य पुजारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि पट खुलते ही भक्तों की लंबी कतार पूजा अर्चना के लिए लग गई थी जो दोपहर तक बनी रही। श्री मिश्रा ने बताया कि हनुमत पूजन, ध्वजा पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

## कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया जनसंपर्क

**अम्बिकापुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत गांव चलो, घर चलो के तहत मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने घन जनसंपर्क कर लोगों से रूबरू हुई। सर्व प्रथम बिश्रामपुर के हनुमान मंदिर में भगवान बजरंगबली की विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। जिसके बाद ग्राम बिहारपुर पहुंचकर लोगो से रूबरू हुई और उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही सरकार की कई कल्याण कारी योजनाओ की जानकारी दी। इसके पश्चात ग्राम पंचायत महेशपुर व हीराडबरी मे पहुंचकर लोगो से भेंट मुलाक़ात कर उनके समस्याओं को सुना। अगले चरण से पहले लटोरी स्थित शक्तिपीठ मां कालिमंदिर में दर्शन की। अभियान के तहत ग्राम पंचायत द्वारिकानगर एवं छत्तरपुर के ग्राम वासियों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या हो चाहे बिजली, पानी, स्वास्थ, राशन कार्ड, राजस्व किसी भी विभाग का उसे निः संकोच बतावे। कार्यक्रम मे मुख्य में जनपद अध्यक्ष स्वाती संत सिंह, उपाध्यक्ष मनमत बच्चाड़, जिला पंचायत सदस्य किरण केराम, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर पैकरा, मंडल अध्यक्ष ठाकुर पैकरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र भारती, जनपद सदस्य दशरथ सिंह, मोहन लाल चेरवा, संजु सिंह, धन्‍कुमार पैकरा, सरपंच ज्ञान चंद सिंह, कँवल बिहारी सिंह, कमला सिंह, नीरूपा सिंह, सुरजीत सिंह, घर भरन सिंह, जनपद सीईओ बिनोद सिंह, बीएमओ डॉ. अमित भगत, एवीओ गिरवर धारी यादव सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



## सीसीएफ पर मनमानी का आरोप, आंदोलन की तैयारी में वन कर्मचारी संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वन कर्मियों को पूर्वाग्रह ग्रसित होकर निलंबित करने का लगाया आरोप
- जनप्रतिनिधियों से की शिकायत

वन कर्मचारी संघ ने मुख्य वन संरक्षक पर मनमानी करने एवं पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर वन कर्मियों पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। सीसीएफ की कार्रवाई के विरुद्ध संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री सहित संभाग के अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंप वस्तु स्थिति से अवगत करा रहे है। सीसीएफ की कार्रवाई के विरुद्ध संघ संभागीय काम बंद आंदोलन करने की भी तैयारियां कर रहे है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगल जलने की घटनाएं तेज हो गई है। आए दिन जंगल में आग लगने की घटनाएं हो रही है। वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को कहना है कि वन अमला अपनी जान जोखिम में डालकर लगातार जंगल की आग बुझाने को कोशिश कर रहा है। स्टाफ की कमी होने के कारण बिना संसाधन एक बीट गार्ड को 2-3 बीट की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। आग से सुरक्षा के लिए कर्मचारियों को आवश्यक संसाधन तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं जिससे आग पर काबू पाने में उन्हें दिन रात मशक्कत करनी पड़ती है। इतना कुछ करने के बावजूद सक्षम अधिकारी इस समस्या के समाधान का उपाय न कर निर्दोष कर्मचारियों को निलंबित कर रहे है। कर्मचारी अपनी योग्यता के अनुसार अपने पदीय दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद मुख्य वन संरक्षक आरोप लगा रहे है कि डीएफओ से लेकर वन रक्षक तक कोई भी काम योग्य नहीं हैं। संघ पदाधिकारियों ने सीसीएफ पर 60 कर्मचारियों को निलंबित करने की चेतावनी देने एवं आदिवासी कर्मचारियों के प्रति दुर्भावना रखने का आरोप लगाया तथा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से की है। सीसीएफ ने हाल ही में लक्ष्मणगढ़ जंगल में अवैध कटाई के आरोप में वन परिक्षेत्र उदयपुर 3 वन कर्मियों को निलंबित किया है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि सीसीएफ के निर्देश पर उड़नदस्ता दल अवैध कटाई की जांच करने गया था। दल के सदस्यों ने एक घंटे 295 हेक्टर क्षेत्रफल के जंगल में अवैध कटाई की जांच की खानापूर्ति पूरी की एवं पुराने सुखे ठूठों की गिनती कर रिपोर्ट तैयार कर ली। निलंबन के पूर्व न तो संबंधित कर्मचारियों को नोटिस दी गई न ही उनका पक्ष सुना गया। इस तरह बलरामपुर एवं अन्य वन मंडलों में भी कर्मचारियों को निलंबित करने की तैयारी की जा रही है। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की निलंबित करने के लिए सीसीएफ पर डीएफओ पर दबाव डालने का आरोप लगाया है तथा सीसीएफ के कार्य व्यवहार में अंतर नहीं आने पर संभाग स्तरीय आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष शैलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि एक साथ दो-तीन बीट की जिम्मेदारी संभालने के कारण वनपाल काफी तनाव में जीवन यापन कर रहे है। किसी भी समस्या के समाधान की योजना बनाना सक्षम अधिकारी का काम है। कर्मचारी पूरी निष्ठा से योजना का क्रियान्वयन करते है। बिना दोष कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई न्याय संगत नहीं है। संघ का प्रतिनिधिमंडल द्वारा सीसीएफ को वस्तु स्थिति से अवगत कराने गया था। उन्होंने कर्मचारियों की बात सुने बिना अन्य 40 कर्मचारियों को निलंबित करने की चेतावनी दी है जिससे कर्मचारी भयभीत है। ऐसे में आंदोलन न करने के अतिरिक्त हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इस संबंध में सीसीएफ वी मातेशरन ने बताया कि जंगल की सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस बार जंगल में आग लगने की रिकार्ड घटनाएं हुई है।









## मेगा शॉप समेत चार संस्थानों में चोरी करने वाला गिरोह पकडा गया

- नगदी समेत साढ़े तीन लाख का सामान बरामद, सूरजपुर जिले से आकर कर रहे थे सिलसिलेवार चोरियां

**अंबिकापुर।** शहर के मनेद्रगढ़ रोड में सिलसिलेवार ढंग से चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता हासिल हुई है। सूरजपुर जिले के रहने वाले शातिर चोर गिरोह द्वारा मेगा शॉप, दो कपड़ा दुकानों समेत कुल 4 संस्थानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपी सूरजपुर जिले से आकर रात के समय रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम देते थे। पकड़े गए सभी आरोपी अपराधी प्रवित्ति के है और उनके खिलाफ अपराध दर्ज है। पुलिस ने अआरोपियों से 1.92 लाख नगदी समेत साढ़े तीन लाख से अधिक का सामान बरामद किया गया है।

शनिवार को इस मामले का खुलासा करते हुए एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि शहर के मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित मेगा शॉप में 31 मार्च की रात चोरी वारदात को अंजाम दिया गया था। मेगा शॉप का शटर तोड़कर 3 लाख 21 हजार 190 रूपए की चोरी की गई थी। इसके साथ ही पीजी कॉलेज के सामने संचालित मिनी शो और जरही जयपुर दुकान से 6 अप्रैल की रात लाकर में रखे नगदी समेत 4 साड़ी, लैपटॉप की चोरी की गई थी। इस घटना की शिकायत दोनों संस्थान के स्टोर मैनेजर शिव शंकर चौधरी ने पुलिस से की थी। वहीं एमजी रोड पंजाब गार्डन के सामने संचालित सांवन क्लाथ से 5 अप्रैल की रात शटर तोड़कर 70 हजार रूपए नगदी, बच्चों का कोट शूट, अन्य सामान की चोरी हुई थी। संचालक नरेश अग्रवाल द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। इसके अलावा नवीन ट्रेडर्स से 3 अप्रैल की दरमियानी रात 4 हजार रूपए की चोरी की गई थी। सिलसिलेवार ढंग से हुई चोरियों के मामले में जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि चोरियों के बाद संदिग्ध चोर सूरजपुर जिले की ओर जा रहे है। इसे में पुलिस व साइबर सेल की टीम ने मामले में जांच के बाद संदेह के आधार पर जयनगर कैलाशपुर निवासी 22 वर्षीय अर्जुन देवांगन आ. सुखन देवांगन, रामानुजनगर निवासी 30 वर्षीय नानू देवांगन आ. दलगंजन देवांगन, आमगांव निवासी 24 वर्षीय कार्तिक देवांगन आ. ननकू देवांगन, सिलफिली पांडवनगर निवासी 22 वर्षीय पुन्नू अगरिया आ. बसंत अगरिया, रामानुजनगर परमेश्वरपुर निवासी 26 वर्षीय अमित तिर्की आ. बृज लाल तिर्की व आमगांव कुरकुरी निवासी 22 वर्षीय चंचल देवांगन अ. ननकू देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को चार चोरियों के मामले में बीएनएस की धारा 331(4), 305 (ए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, उनि रश्मि सिंह, नवल दुबे, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, सउनि विरेन्द्र कुजूर, दिलसाय कुजूर, आरक्षक बृजेश राय, अतुल सिंह, सत्येंद्र दुबे, आनंद गुप्ता, संजीव चौबे, राहुल सिंह, देवेंद्र पाठक, जितेंद्र मिश्रा, घनश्याम देवांगन, वीरेंद्र पैकरा, रमेश राजवाड़े, जितेश साहू, थाना विश्रामपुर स्टाफ सक्रिय रहे।



